आकाशवाणी केन्द्र शिमला

10.11.2025 / 0920 बजे

प्रादेशिक समाचार

" पहले मुख्य समाचार"

- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू मंडी में आपदा प्रभावितों को बांटेंगे राहत राशि।
- भारत सरकार की प्रधानमंत्री उज्जवला योजना से शिमला जिला में महिलाएं हो रहीं लाभान्वित।
- बददी बरोटीवाला क्षेत्र में 5 हजार करोड़ रूपए निवेश की अढ़ाई सौ से अधिक उद्योग स्थापित करने को मिली स्वीकृति।
- सर्दियों का पर्यटन सीजन आरंभ होने से प्रदेश भर में बढ़ी पर्यटकों की आमद।
- न्यूनतम तापमान में आ रही गिरावट से प्रदेश में बढ़ी ठंड, शिमला के ऐतिहासिक प्राकृतिक आइस स्केटिंग रिंक में इस वर्ष जल्द स्केटिंग शुरू होने की उम्मीद।

मुख्यमंत्री–दौरा

मुख्यमंत्री सुखविदंर सिंह सुक्खू आज मंडी ज़िले के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे नगवाईं के पनारसा में सरकारी डिग्री कॉलेज का उदघाटन करेंगे। मुख्यमंत्री इसके बाद मंडी के पड्डल मैदान में विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों के साथ संवाद भी करेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री द्वारा मंडी, कुल्लू व बिलासपुर जिला के आपदा प्रभावितों को राहत राशि भी वितरित की जाएगी। मुख्यमंत्री का मण्डी में एक जनसभा को संबोधित करने का भी कार्यक्रम है।

कुलदीप सिंह पठानिया

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने चम्बा जिला के भटियात क्षेत्र में धुलारा में आयोजित पारंपरिक शिव पूजन यानी शिव नुआला में भाग लिया। विधानसभा अध्यक्ष ने इस मौके पर प्रदेश वासियों के सुख–समृद्धि की कामना को लेकर महादेव शिव–शंकर से प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि चंबा जिला में पारंपरिक रूप से शिव पूजन का रिवाज है जिसे शिव नुआला कहा जाता है और लोग इसे बड़ी श्रद्धा व भक्ति भाव के साथ निजी और सामूहिक रूप से आयोजित करते हैं।

उज्जवला योजना

प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, भारत सरकार द्वारा शुरू की गई एक महत्वाकांक्षी योजना है जिसका शिमला जिला की पात्र महिलाएं भी लाभ उठा रही है।

पर्यटन

प्रदेश में अब सर्दियों का पर्यटन सीजन आरंभ हो चुका है और बीते सप्ताहांत में शनिवार और रविवार को प्रदेश के पर्यटन स्थलों में सैलानियों की खूब भीड़ नजर आई। वीकेंड में होटलों में करीब 50 फीसदी बुकिंग रहीं। ऊंची चोटियों में इस बार जल्द हुए हिमपात से मनाली के पर्यटन कारोबारी को आने वाले दिनों में पर्यटकों की आमद बढ़ने की उम्मीद है।

इधर शिमला में भी वीकेंड पर ऐतिहासिक रिज मैदान और माल रोड पर पर्यटकों की संख्या काफी नजर आई . पर्यटकों का कहना है कि शिमला एक ऐतिहासिक स्थल भी है साथ ही साथ यहां का मौसम और सुंदरता एक अलग आकर्षण लिए रहती है. इसी के साथ–साथ शिमला पहुंचने के लिए अब सड़क सुविधा बेहतर हो गई है जिसके चलते शिमला पहुंचना सुविधाजनक और आसान हो गया है।

जापान

अंतर्राष्ट्रीय सहयोग एजेंसी –जायका से वित्तपोषित हिमाचल प्रदेश फसल विविधीकरण प्रोत्साहन परियोजना के चरण–2 के तहत मंडी जिला में किसानों को आधुनिक कृषि तकनीक अपनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। परियोजना के तहत कसारला, गधिमन–मझोठी और सूरथी–थाची क्षेत्रों में किसानों को रबी मौसम की बुआई के दौरान सीड ड्रिल मशीन से गेहूं और मटर की बुआई का व्यावहारिक प्रदर्शन करवाया गया और उन्हें वैज्ञानिक खेती के लाभों से अवगत कराया गया। जिला परियोजना प्रबंधक डॉ हेमराज वर्मा ने बताया कि पारंपरिक विधि की तुलना में सीड ड्रिल से बुवाई करने पर बीज की 20 से 25 प्रतिशत बचत होती है, श्रम व समय की कमी आती है तथा फसल का अंकुरण अधिक समान होता है।

वंदे मातरम

देश अपने राष्ट्रीय गीत, वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ मना रहा है। इस गीत ने कई पीढ़ियों को एकजुट होने, विदेशी शासन के विरूद्ध खड़े होने और राष्ट्र की भावना का उत्सव मनाने के लिए प्रेरित किया है। वंदे मातरम की भावना ने भारत की सीमाओं से परे जाकर विश्व भर के क्रांतिकारियों को भी स्वतंत्रता संग्राम के लिए प्रेरित किया।

निवेश

पिछले अढ़ाई वर्षों में बद्दी बरोटीवाला क्षेत्र में करीब 5 हजार करोड रुपए का निवेश हुआ है। उद्योग विभाग के उप निदेशक योगेश गुप्ता ने यह जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश सरकार ने इस

क्षेत्र में ढाई सौ से अधिक उद्योगों को स्वीकृति प्रदान की है। उन्होंने बताया कि इन उद्योगों के स्थापित होने से यहां पर 20 हजार से ज्यादा लोगों को रोजगार के अवसर प्रदान होंगे।

मौसम

प्रदेश में इन दिनों न्यूनतम तापमान में आ रही गिरावट से लगातार ठंड बढ़ रही है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के मुताबिक प्रदेश में अगले दस दिनों तक मौसम शुष्क बने रहने का अनुमान है। साफ मौसम के चलते शिमला के ऐतिहासिक आईस स्केटिंग रिंक में बर्फ जमाने के लिए तैयारियां शुरू कर दी गई है। आइस स्केटिंग क्लब के सचिव रजत मल्होत्रा ने कहा कि आईस स्केटिंग रिंक में मौसम अनुकूल रहने पर दिसम्बर माह के पहले सप्ताह से आइस स्केटिंग का सत्र शुरू करने के प्रयास होंगे।

और अब सुर्खियां समाचार पत्रों से ........

आज सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है। अमर उजाला के शब्द हैं आपदा प्रभावित पांच हजार परिवारों को आज राहत राशि देगी हिमाचल सरकार। हिमाचल दस्तक ने लिखा है मुख्यमंत्री सुक्खू आज मंडी में बांटेंगे आपदा प्रभावितों को 4–4 लाख के चेक।

हिमाचल बिजली बोर्ड में बंपर प्रोमोशन शीर्षक से दिव्य हिमाचल ने लिखा है मुख्यमंत्री सुक्खू ने 12 सौ 67 कर्मचारियों–अधिकारियों को दिया पदोन्नति का तोहफा। पंजाब केसरी के शब्द हैं बिजली बोर्ड के सैंकड़ों कर्मचारियों को मिलेगी पदोन्नति का तोहफा।

एच पी टी डी सी अपने होटलों में जल्द शुरू करेगा करंसी एक्सचेंज सेवा, बीओडी से मिली मंजूरी दैनिक भास्कर की एक खबर है।

वर्ल्ड चैंपियन बेटी को गले लगा छलके मां के आंसू, रेणुका भी हुई भावुक दैनिक जागरण की एक खबर है।

''अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर''

- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू मंडी में आपदा प्रभावितों को बांटेंगे राहत राशि।
- भारत सरकार की प्रधानमंत्री उज्जवला योजना से शिमला जिला में महिलाएं हो रहीं लाभान्वित।
- बददी बरोटीवाला क्षेत्र में 5 हजार करोड़ रूपए निवेश की अढ़ाई सौ से अधिक उद्योग स्थापित करने को मिली स्वीकृति।
- सर्दियों का पर्यटन सीजन आरंभ होने से प्रदेश भर में बढ़ी पर्यटकों की आमद।
- न्यूनतम तापमान में आ रही गिरावट से प्रदेश में बढ़ी ठंड, शिमला के ऐतिहासिक प्राकृतिक आइस स्केटिंग रिंक में इस वर्ष जल्द स्केटिंग शुरू होने की उम्मीद।